सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-331
27/07/2018

नालंदा में लंगोट अर्पण मेला की शुरुआत, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

पटना, 27 जुलाई 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहारशरीफ में बाबा मणिराम अखाड़ा पर एक सप्ताह तक चलने वाले लंगोट अर्पण मेला का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में पहुॅचकर पूजा अर्चना की और बिहार की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को पुरोहित श्री आनंद मिश्रा ने पूजा अर्चना कराई। मंत्रोचारण के बाद मुख्यमंत्री ने लंगोट चढ़ाकर सूबे में खुशहाली एवं अमन चैन की कामना की।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री परिसर में बने सामुदायिक भवन गये, जहॉ स्थानीय विधायक व न्यास समिति के सचिव श्री अमर कांत भारती ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ0 सुनील कुमार, विधायक श्री रवि ज्योति कुमार, विधायक श्री चन्द्रसेन प्रसाद, विधान पार्षद श्री हीरा बिंद, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी नालंदा डॉ0 त्याग राजन एस0एम0, पुलिस अधीक्षक नालंदा श्री सुधीर कुमार पोरिका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे।

******